THE DOG WHO FORGOT TO BARK

छोटा कुत्ता जो भौंकना भूल गया

V. SUTEEV

लेखन व चित्र: वी.सुतीव

हिंदी: अरविन्द गुप्ता

The little dog was having trouble:

he forgot how to bark.

छोटे कुत्ते को काफी परेशानी हो रही थी:

वो भौंकना भूल गया था.

He tried as he might to

remember, but he couldn’t.

उसने भौंकना याद करने की भरसक

कोशिश की, लेकिन उसे याद नहीं आया.

So the little dog ran to the grey eagle-owl.

फिर छोटा कुत्ता, चील-उल्लू के पास भागा.

The eagle-owl lived in the wood,

in a large hollow of a tree-trunk.

चील-उल्लू जंगल में, एक पेड़ के

तने के एक बड़े कोटर में रहता था.

He looked at the little

dog with his yellow eyes,

उसने अपनी पीली आँखों
से छोटे कुत्ते को देखा,

fluffed up his feathers and said:

"I will teach you how to bark.

Listen: Whoo-whoo-whoop!"

उसने अपने पंख फुलाए और कहा:
"मैं तुम्हें भौंकना सिखाऊंगा.
सुनो: हू-हू-हूप!"

"Thanks a lot," answered the little dog, "maybe eagle-owls bark like this, but dogs bark in a different way."

"Well, if you don’t like it, you can go away," said the eagle-owl and closed his eyes.

"बहुत धन्यवाद," छोटे कुत्ते ने उत्तर दिया, "शायद चील-उल्लू इस तरह भौंकते हों, लेकिन कुत्ते अलग तरह से भौंकते हैं."

"ठीक है, अगर तुम्हें वो पसंद नहीं है, तो तुम जा सकते हो," चील-उल्लू ने कहा और फिर उसने अपनी आँखें बंद कर लीं.

And the little dog ran off to the white duck.

फिर छोटा कुत्ता सफेद बत्तख के पास भागकर गया.

The white duck was swimming in a pond.

सफेद बत्तख एक तालाब में तैर रही थी.

The duck saw the little dog and came out of the water.

बत्तख ने छोटे कुत्ते को देखा और वो पानी से बाहर आई.

"You should bark like this:
Quack-quack-quack!"

"तुम्हें इस तरह भौंकना चाहिए:

क्वैक-क्वैक-क्वैक!"

"Should I? Maybe ducks bark like this,

but dogs bark differently."

"सच में? शायद बत्तखें इसी तरह भौंकती हों,

लेकिन कुत्ते अलग तरह से भौंकते हैं।"

"No, they don’t," said the white duck and dived into the water.

"नहीं, बिल्कुल नहीं," सफेद बत्तख ने कहा और फिर उसने पानी में गोता लगाया.

And the little dog went to the fat
pig to ask her for a piece of advice.

उसके बाद छोटा कुत्ता सलाह मांगने
के लिए मोटे सुअर के पास गया.

The pig stood by the trough, eating.

मादा सुअर नांद के पास खड़े होकर खा रही थी.

She turned to the little dog and said:

"All right, I will teach you how to bark,

listen: Oink-oink-oink."

वो छोटे कुत्ते की ओर मुड़ी और बोली:
"ठीक है, मैं तुम्हें भौंकना सिखाऊंगी,
सुनो: ओइंक-ओइंक-ओइंक."

"Oh no, maybe fat pigs bark like this,

but dogs bark in a different way."

"बिलकुल नहीं, शायद मोटे सुअर इसी
तरह भौंकते हों, लेकिन कुत्ते अलग
तरह से भौंकते हैं."

"If you don’t believe me, you can go away,"

said the pig and put her snout into the trough.

"अगर तुम्हें मुझ पर विश्वास नहीं है, तो तुम जा सकते हो," सुअर ने कहा और फिर उसने अपनी थूथनी नांद में डाल दी.

The little dog grew very

sad and went to turkey.

फिर छोटा कुत्ता बहुत उदास

हुआ और वो टर्की के पास गया.

The turkey was walking in the poultry-yard, he would spread his tail like a fan,

टर्की, मुर्गी-बाड़े में घूम रही थी.
उसने अपनी पूंछ, पंखे की तरह फैलाई,

and then fold his tail-

feathers together.

और फिर उसने अपने पूंछ

के पंखों को एक-साथ मोड़ा.

"Well, well," said the turkey importantly,

"all right, I will teach you how to bark:

"Gobble-gobble-gobble!"

"ठीक है, ठीक है," टर्की ने गंभीरता से कहा,
"ठीक है, मैं तुम्हें भौंकना सिखाऊंगी:
"गॉबल-गॉबल-गॉबल!"

"What kind of barking is this?"

Said the little dog.

"Maybe turkeys bark like this,

but dogs bark differently."

"यह किस तरह का भौंकना है?"

छोटे कुत्ते ने कहा.

"शायद टर्की इसी तरह भौंकती हों,

लेकिन कुत्ते बिल्कुल अलग तरह से भौंकते हैं."

"What?!" Shouted the turkey and puffed up.

"क्या?!" टर्की चिल्लाई और उसने अपने पंख फुला लिए.

The little dog went away,

he was very tired.

फिर छोटा कुत्ता वहां से चला गया,
वो बिचारा बहुत थक गया था.

So he settled cosily under a tree.

वो आराम करने एक पेड़ के नीचे बैठा.

Suddenly he saw a cat passing by.

अचानक उसने एक बिल्ली को
अपने पास से गुजरते हुए देखा.

And he remembered and...

फिर उसे याद आया और...

ran after the cat.

वो बिल्ली के पीछे भागा.

The cat jumped up the tree.

बिल्ली कूदकर एक पेड़ पर चढ़ गई.

The little dog got angry and began to bark

as loudly as he could: Bow-wow, bow-wow!

छोटे कुत्ते को बहुत गुस्सा आया और फिर उससे

जितना बना वो उतनी जोर से भौंका: भौं-भौं, भौं-भौं!

That was how the little dog

remembered how to bark.

इस तरह छोटे कुत्ते को

अपना भौंकना याद आया.